21.05.2023

NAVBHARAT TIMES

# फ्लाइट छूटी तो ट्रेन की टिकट करा बुज़ुर्ग दंपती को भेजा घर

Vishal.Sharma3@timesgroup.com

## पुलिस की मदद से खुश होकर कमिश्नर को लिखा लेटर

- पहली बार आए थे घूमने, ट्रिप को पुलिस ने बनाया यादगार
- फ्लाईट छूटने पर कराया ठहरने का इंतजाम, लेते रहे हर जानकारी
- अगले दिन दंपती के लिए सिकंदराबाद की कन्फर्म टिकट भी कराई

■ **नई दिल्ली :** आंध्र प्रदेश से पहली बार दिल्ली आए दंपती के लिए यह ट्रिप पुलिस की वजह से यादगार बन गई। अनजान शहर में मुसीबत के समय दिल्ली पुलिसकर्मियों से मिले अपनेपन और मदद से वे इतने खुश हुए कि घर लौटकर उन्होंने दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा को ईमेल भेजकर खूब प्रशंसा की।

दरअसल, 66 वर्षीय एम भास्कर परिवार के साथ आंध्र प्रदेश के सिकंदराबाद में रहते हैं। वो रिटायर हो चुके हैं। पत्नी एमवी सविता प्राइवेट जॉब करती हैं। उन्होंने दिल्ली और प्रयागराज घूमने का प्लान बनाया। दंपती पहली बार दिल्ली होते हुए प्रयागराज पहुंचे। वहां गंगा में डुबकी लगाने के बाद 4 मई को वापस नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। यहां से आगरा जाने का प्लान था। एमवी सविता के गले में मोटी सोने की चेन थी। ऑटो वाले और कुछ संदिग्ध लोग इनका पीछा कर बस स्टैंड तक छोड़ने के लिए कोई 800 तो कोई 600 रुपये मांग रहा था। स्टेशन पर खड़ी पीसीआर पर तैनात एसआई लेखराज और एएसआई अमर सिंह ने देखा तो दंपती को रोका। पुलिसकर्मियों ने महिला के गले से चेन उतरवाकर बैग में रखवाई।

एम भास्कर के मुताबिक, पुलिसकर्मियों ने कहा आप टेंशन मत लो, हम हैं। सुनकर जान में जान आई। पुलिसकर्मियों ने सस्ते में ऑटो कराया और अपने मोबाइल नंबर भी दिए। सेफ्टी के लिए ऑटो का फोटो खींच लिया। उस दिन दंपती आगरा से ताजमहल देखकर वापस लौटा। अगले दिन फ्लाइट थी। लिहाजा पुलिसकर्मियों की मदद से होटल ठहरे। अगले दिन दिल्ली में रेड फोर्ट और इंडिया गेट देखा। रात को 7:45 की फ्लाइट थी। पुलिसकर्मियों ने एयरपोर्ट जाने के लिए ऑटो कराया, लेकिन जाम में फंसने से फ्लाइट छूट गई। इस पर दंपती ने पुलिसकर्मियों को फोन कर बताया। पुलिस वालों ने एयरपोर्ट से ही ऑटो कराकर वापस नई दिल्ली स्टेशन बुला लिया। अगले दिन उन्होंने ही सिकंदराबाद की ट्रेन की कन्फर्म टिकट कराके दंपती को दी और ट्रेन में बैठाया। सिकंदराबाद पहुंचने तक पुलिसकर्मी कॉल कर जानकारी लेते रहे। घर पहुंचकर ट्रिप यादगार बनाने के लिए दिल्ली पुलिस का धन्यवाद किया।